कार्यालय : प्रभागीय वनाधिकारी,
टिहरी वन प्रभाग,
नई टिहरी।

फोन/फैक्स : 01376–232077,
ई:मेल :
dfotehri_ua@rediffmail.com

पत्रांक : 553 /12-1(2) नई टिहरी, दिनांक– 9/9/ 2019

सेवा में,

वन संरक्षक,
भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड,
मुनिकीरेती।

विषयः– जनपद–टिहरी गढवाल के अन्तर्गत घनसाली घुत्तू मोटर मार्ग के कि0मी0 2 व घनसाली–कोटी–अखोडी मोटर मार्ग के कि0मी0 3 को जोडने हेतु अर्द्धगी में भिलंगना नदी पर स्टील गार्डर मोटर सेतु सहित मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.245 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।
(online no.FP/UK/Road/14661/2015)

सन्दर्भः– भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, देहरादून का पत्र संख्याः–8बी/यू0सी0पी0/06/24/2018/एफ0सी0/816, दिनांकः–19–07–2019।

महोदय,

प्रश्नगत परियोजना निर्माण हेतु गठित वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव पर उठाई गई आपत्ति का निराकरण निम्न प्रकार प्रेषित हैः–

आपत्तिः– बिन्दु सं0–02 के जवाब में राज्य सरकार द्वारा प्रेषित प्रस्तावित मार्ग की के0एम0एल0 से यह प्रतीत होता है कि प्रस्तावित मार्ग के अन्तिम छोर पर कोई भी Habitation नही है। अतः के0एम0एल0 फाईल अभी भी सही प्रतीत नही होती है। राज्य सरकार प्रस्तावित मार्ग की सही के0एम0एल0 फाईल Para C (ii) (b) Online Part-I पर upload करना सुनिश्चित करें।

निराकरण/आख्याः–उपरोक्त आपत्ति के क्रम में प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रस्तावित मोटर मार्ग एवं पुल किसी भी बसावट को जोडने हेतु नही अपितु घनसाली में यातायात एवं अन्य समय में वाहनों के अत्याधिक आवगमन से उत्पन्न दबाव के कारण जाम की स्थिति से बचाव के लिए बाईपास मोटर मार्ग के रूप में निर्मित किये जाने के लिए है। घनसाली मुख्य चौराहे में मार्ग की चौडाई अत्यन्त कम है तथा उक्त स्थल पर मार्ग का चौडीकरण किया जाना भी सम्भव नही है। मार्ग की चौडाई कम होने के कारण आये दिन वाहनों के जाम लगने से घनसाली नगर में अव्यवस्था बनी रहती है। उक्त स्थिति के मध्यनजर प्रस्तावित मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना अत्यन्त आवश्यक हो गया है। प्रस्तावित मोटर मार्ग बाईपास मोटर मार्ग होने के कारण के0एम0एल0 फाईल में इसके अन्तिम छोर कोई Habitation अथवा गांव/आबादी क्षेत्र प्रदर्शित नही हो रहा है।

अतः प्रकरण पर निराकरण/आख्या सादर प्रेषित।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी,
टिहरी वन प्रभाग,
नई टिहरी

D/PK Gen Lattre online part-ii